आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01/04/2026 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा अब चाय के साथ  सेमीकंडक्टर चिप भी बनेगी असम की पहचान।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत प्रवेश उत्सव की शुरुआत की।
- प्रदेश के टोल प्लाजा पर अब कंबाइन हार्वेस्टर मशीनों को कोई टैक्स नहीं देना होगा।
- अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के 29 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने की संभावना है।

प्रधानमंत्री- असम

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज असम के गोगामुख और बिश्वनाथ में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया। अपनी रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए गरीब और मध्यम वर्ग का कल्याण हमेशा से सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि पिछले दस वर्षों के एनडीए शासन में "डबल इंजन" सरकार ने राज्य में स्थायी शांति स्थापित की है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि मोरीगांव में बन रहे सेमीकंडक्टर संयंत्र के साथ असम जल्द ही वैश्विक स्तर पर चिप् निर्माण के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाएगा।

स्कूल चलें हम-अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में "स्कूल चलें हम" अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने शासकीय स्कूलों में ड्राप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया और उन्हें निःशुल्क साइकिलें व पाठ्य-पुस्तकें वितरित कीं। उन्होंने घोषणा की कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के एक करोड़ पैंतालीस लाख बच्चों के नामांकन का विशाल लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि शासकीय विद्यालयों के नामांकन में बत्तीस दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि हर एक बच्चा स्कूल में आना चाहिए

उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने देवास में स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव 2026 का शुभारंभ किया। आगरमालवा, छतरपुर उमरिया शहडोल, अशोकनगर, खंडवा, राजगढ़,बालाघाट  जिले में भी प्रवेशोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सशस्त्र पुलिस बल-  विधेयक

राज्यसभा ने आज केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 ध्वनि मत से पारित कर दिया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पिछले सप्ताह यह विधेयक प्रस्तुत किया था। इस विधेयक का उद्देश्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में ग्रुप ए जनरल ड्यूटी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंधित सामान्य नियमों को विनियमित करना है।विधेयक में प्रावधान है कि महानिरीक्षक रैंक के कुल पदों में से 50 प्रतिशत, अपर महानिदेशक रैंक के पदों में से कम से कम 67 प्रतिशत और विशेष महानिदेशक तथा महानिदेशक रैंक के सभी पद प्रतिनियुक्ति पर भारतीय पुलिस सेवा- आईपीएस अधिकारियों द्वारा भरे जाएंगे।

सड़क विकास निगम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया है कि अब कृषि कार्य में प्रयुक्त होने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को प्रदेश के टोल प्लाजा पर शुल्क से पूर्णतः छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के  किसानों को मिलेगा। इसके अलावा , बैठक में प्रदेश में सड़क  कनेक्टिविटी को मजबूत  करने के लिए इंदौर-उज्जैन और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग निर्माण परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गयी ।

अंतरमंत्रालयी बैठक

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने आज आश्वासन दिया कि देश में सभी प्रकार की फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी बैठक में कृषि और किसान कल्याण विभाग की अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश भर में खरीफ फसलों के 185 लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं। अपर सचिव ने कहा कि देश में कृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है।

## अश्विनी वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे के लिए रिकॉर्ड बजट आवंटन किया गया है। इससे देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ मिल रहा है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे में किए गए महत्वपूर्ण निवेशों से देश के प्रत्येक नागरिक को प्रत्यक्ष लाभ मिला है।

## आरक्षक- भर्ती

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस बैंड के अंतर्गत आरक्षक के कुल छह सौ उन्यासी पदों पर सीधी भर्ती के लिए विशेष रूप से पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आगामी 5 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत नियम, शैक्षणिक पात्रता और चयन प्रक्रिया की पूरी जानकारी मध्यप्रदेश पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट 'एम पी पुलिस डॉट जी ओ वी डॉट इन' पर उपलब्ध है।

## मौसम

प्रदेश में अप्रैल का महीना मौसम के बड़े उतार-चढ़ाव के साथ शुरू हो रहा है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, वर्तमान में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के चलते महीने के पहले सप्ताह में प्रदेश के बड़े हिस्से में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन सहित कुल उनतीस जिलों में अगले चौबीस घंटों के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है।

## समाधान योजना

प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 31 मार्च तक लागू थी। समाधान योजना में 31 मार्च तक 27 लाख 47 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। कुल 1336 करोड़ 46 लाख रूपए जमा किए गए हैं, जबकि 450 करोड़ 31 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। श्री तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि यह सरचार्ज में छूट का अंतिम अवसर है, इसका लाभ जरूर लें।

सम्राट विक्रमादित्य

उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आगामी **तीन से पांच अप्रैल** तक 'सम्राट विक्रमादित्य' नाटक का मंचन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को भारत के गौरवशाली इतिहास और चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से परिचित कराना है। इस विशेष आयोजन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में किया जाएगा।

**कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- धार कलेक्टर ने जिले के सभी 13 विकासखण्डों को 30 जून पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया।
- शिवपुरी जिले में कल हनुमान जयंती पर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, बांकड़े हनुमान मंदिर पर विशेष पूजन कार्यक्रम रखा गया है।
- शहडोल कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने वाले 7 अधिकारियों का एक सप्ताह का वेतन काटने के आदेश दिये है।
- झाबुआ जिले में कलेक्टर नेहा मीना ने आज मार्च माह के "बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ" कर्मचारियों को सम्मानित किया।
- बैतूल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैनल अधिवक्ताओं के चयन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है।
- अशोकनगर जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 10 जेंडर मॉड्यूल्स पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

------------------------------